हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 23 मार्च 2026

06 जबरन जर्सी ले जाने से मना करने पर युवक पर...



07 अशांति एवं हिंसा के लिए हो रहा है व्यवस्थित...





## खबर संक्षेप

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 25 मार्च को

**सागर।** डॉ हरीसिंह गौर विश्व विद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं ब्र. शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 151वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 25 मार्च दिन बुधवार समय 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक। आयुर्वेद एवं निदान सहित मधुमेह एवं श्वास व हड्डी रोग पर निःशुल्क रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन, बी एम डी, यूरिक एसिड, बॉडी मांस द्वारा मांस पेशियों की जांच तथा योग प्रशिक्षण का आयोजन, शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। इच्छुक व्यक्ति 24 मार्च तक डॉ राजेश शुक्ला से संपर्क कर सकते हैं एवं इस शिविर का निशुल्क लाभ ले सकते हैं।

### अग्निवीर भर्ती के लिए अंतिम तिथि 01 अप्रैल

**सागर।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। जिसमें ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 01 अप्रैल 2026 है। इच्छुक आवेदक वेबसाईट पर जाकर अपना पंजीयन करा सकते है।

### कलेक्टर की अभिभावकों से अपील

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने जिले के समस्त अभिभावकों से अपील की है कि शासन के निर्देशानुसार एवं अभिभावकों की समस्याओं एवं परेशानी को देखते हुए पुस्तक एवं गणवेश मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी अभिभावक अधिक से अधिक मेंले में आकर गणवेश एवं पुस्तकों की खरीदी करें।
कलेक्टर ने समस्त अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के बहकावे में ना आए और महारानी लक्ष्मीबाई क्रमांक 1 की पुरानी भवन में आयोजित पुस्तक मेला में उपस्थित होकर अपने बच्चों की संबंधित पुस्तक में कॉपियां एवं गणवेश को खरीदारी करें। उन्होंने समस्त विद्यालय के संचालकों से भी अपील किया की भी अपने-अपने विद्यालयों में रिसेप्शन काउंटर पर पुस्तकों एवं गणवेश का प्रदर्शन करें जिससे कि किसी भी अभिभावक को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और आसानी से पुस्तक एवं काफी गणवेश ले सके।

### पुस्तक गणवेश मेला का शुभारंभ आज

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर की पहल पर नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ में क्रय किए जाने वाली पुस्तकें, स्टेशनरी यूनिफार्म, शूज इत्यादि उचित मूल्य पर सुलभ कराए जाने हेतु पुस्तक मेले का आयोजन महारानी लक्ष्मी विद्यालय क्रमांक 1 में 23 मार्च दिन सोमवार से आरम्भ होगा। मेला 23 मार्च से 28 मार्च तक समय दोपहर 3.30 से रात्रि 7.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 दिनांक 01.04.2026 से प्रदेश के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में प्रारंभ हो रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग म.प्र. निजी विद्यालय फीस तथा अन्य संबंधित विषयों का विनियम अधिनियम 2017 एवं म.प्र. निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विनियमन 2020 प्रभावशील है, उक्त नियम की धारा 06 में प्रावधान है कि निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र एवं अभिभावकों को पुस्तकें, यूनिफार्म, टाई, जूते आदि चयनित विक्रेताओं से क्रय करने के लिए औपचारिक तथा अनौपचारिक किसी भी रूप में बाध्य नहीं किया जाएगा। छात्र या अभिभावक इन सामग्रियों को खुले बाजार से क्रय करने हेतु स्वतंत्र होंगे। कलेक्टर संदीप जी आर ने अभिभावकों एवं बच्चों के लिए शैक्षणिक सामग्री उचित दामों पर उपलब्ध करने हेतु निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए थे। इसी परिपेक्ष्य में पुस्तक मेले का आयोजन सांदीपनि शास. म.ल.बा. कन्या उ.मा.वि. क्र.1 सागर के पुराने भवन में किया जा रहा है।

### क्षीरधारा योजना के प्रथम चरण में जिले के 52 ग्राम चयनित, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने पर रहेगा विशेष फोकस

# जिले में दुग्ध उत्पादन बढ़ाना तथा पशुपालकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना पहली प्राथमिकताः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जिले में दुग्ध उत्पादन बढ़ाना तथा पशुपालकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना पहली प्राथमिकता है। इसके क्रियान्वयन के लिए सभी प्राथमिकता के साथ कार्य करें। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने दिए। जिले में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने एवं पशुपालकों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से संचालित "क्षीर धारा योजना" के अंतर्गत जिले के 52 ग्रामों का चयन किया गया है। मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार इस योजना के माध्यम से चयनित ग्रामों को विकसित कर "क्षीर धारा ग्राम" के रूप में स्थापित किया गया है।

कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि क्षीर धारा ग्राम योजना के तहत जिले के 52 चयनित ग्रामों में पशुओं की नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना, संतुलित पशु आहार एवं पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही पशुपालकों को आधुनिक दुग्ध उत्पादन तकनीकों से अवगत कराते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे दूध उत्पादन में वृद्धि हो सके। योजना का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर दुग्ध उत्पादन बढ़ाना तथा पशुपालकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है। इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित किया जाएगा।

योजना के अंतर्गत जिले के सभी 52 ग्रामों को चरणबद्ध तरीके से आगामी 3 वर्षों में "क्षीर धारा ग्राम" के रूप में विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उपलब्धि के आधार पर ग्रामों का वर्गीकरण किया जाएगा, जिसमें 70 प्रतिशत से अधिक उपलब्धि वाले ग्रामों को प्रथम श्रेणी, 50 से 70 प्रतिशत उपलब्धि वाले ग्रामों को द्वितीय श्रेणी तथा 50 प्रतिशत से कम उपलब्धि वाले ग्रामों को तृतीय श्रेणी में रखा जाएगा।

प्रथम वर्ष की कार्य योजना में चयनित ग्रामों में पशुओं का उच्च नस्ल से गर्भधारण, शत-प्रतिशत टीकाकरण एवं ट्रैगिंग का लक्ष्य सुनिश्चित किया गया है। उच्च नस्ल से गर्भधारण के लक्ष्य हेतु निकृष्ट सांडो का बधियाकरण, बॉझ निवारण शिविरों का आयोजन किया जाए। हरे चारे के उत्पादन के लिए किसानों को प्रेरित किया जाएगा। साथ ही चारा बीज की मिनीकिट भी वितरित की जाएगी।

पशुपालन विभाग द्वारा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इस योजना से जिले में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि होने के साथ ही पशुपालकों की आय में सुधार होगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## सर्वाधिक कार्यकाल का रिकार्ड बनाने पर पीएम मोदी को पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के पदों पर रहते हुए सरकार के प्रमुख के रूप में सर्वाधिक 8931 दिवस पूरे कर रिकार्ड बनाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी देश ही नहीं विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं जो इसका भी प्रमाण हैं कि एक गरीब परिवार में जन्मे साधारण भाजपा कार्यकर्ता हे मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री जैसे सर्वोच्च पदों पर सेवा करते हुए उन्होंने देश को नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में सर्वाधिक समय तक कार्य करने तथा देश के प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल में कुल 8931 दिन सर्वाधिक दिवस सेवा करते हुए कार्य करने का नया रिकार्ड बनाया है। इसके पहले यह रिकॉर्ड सिक्किम के मुख्यमंत्री श्री पवन चामलिंग के नाम था जिन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में 8930 दिवस कार्य किया था।

पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी संभवतः विश्व के ऐसे नेता भी हैं जिन्होंने एक भी दिवस अवकाश लिए बिना प्रधानमंत्री के रूप में सेवा कार्य किया है। उनके निजी जीवन में दुख सुख जैसे अनेक अवसर आए लेकिन उन्होंने अवकाश लिए बिना निरंतर देश के लिए कार्य किया है। उन्होंने कहा कि हम करोड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गौरव और प्रेरणा हैं। वे ऐसे नेता हैं जिनकी व्यक्तिगत संपत्ति देश के एक मध्यम वर्गीय परिवार जैसी है, जिन्होंने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में विश्व के सभी देशों से मिले मूल्यवान उपहारों से मिले धन को भी देश की गरीब बेटियों की शिक्षा के लिए दे दिया। वे ऐसे स्वीकार्य प्रधानमंत्री भी हैं जिन्हें विश्व के अनेक देशों ने अपने देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया है।




## चरित्र और संस्कार गिरने पर पतन निश्चितः युवा नेता अविराज सिंह

**सागर।** युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि शिक्षा जीवन का सबसे बड़ा मित्र है और संस्कार उसके आधार हैं। धन और ज्ञान खोकर पुनः प्राप्त किए जा सकते हैं, लेकिन चरित्र और संस्कार गिरने पर मनुष्य का पतन निश्चित होता है। विद्या ऐसी संपत्ति है जो कभी छीनी नहीं जा सकती और विपत्ति में भी मनुष्य की रक्षा करती है। जिला स्तरीय युवा मिलन समारोह में उन्होंने अपने विचार व्यक्त किए, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं की सहभागिता रही। अविराज सिंह ने कहा कि युवा अवस्था केवल भोग-विलास के लिए नहीं, बल्कि कौशल विकास और आत्मनिर्माण का समय है। उन्होंने भगवान कृष्ण के जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि अनुशासन और सीखने की ललक ही व्यक्ति को महान बनाती है और युवा शक्ति ही देश को विकसित बनाने की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण ने सांदीपनि मुनि के आश्रम में एक सामान्य शिष्य की तरह रहकर 64 कलाएं सीखीं, जो यह दर्शाता है कि महान बनने के लिए साधारण जीवन में भी अनुशासन और निरंतर अभ्यास आवश्यक है। आज के युवाओं को भी अपने समय का सदुपयोग करते हुए अपने कौशल को विकसित करना चाहिए। अविराज सिंह ने कहा कि आज के समय में युवाओं को डिग्री के बजाय कौशल पर ध्यान देना चाहिए। कौशल ही वह शक्ति है जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती है और जीवनभर साथ देती है। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश और कार्तिकेय की कथा हमें यह सिखाती है कि माता-पिता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म और सबसे बड़ा संस्कार है।अविराज सिंह ने कहा कि डिजिटल युग में युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। सीएससी, ई-श्रम, आधार सेवाएं और डिजिटल भुगतान जैसे माध्यमों से युवा न केवल स्वयं रोजगार पा सकते हैं, बल्कि समाज के अन्य लोगों को भी सशक्त बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 तक ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है, जिससे युवाओं के लिए नए अवसर पैदा होंगे। युवा उद्यमी इन अवसरों का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। अविराज सिंह ने कहा कि आज के युवा सोशल मीडिया का उपयोग केवल मनोरंजन के लिए नहीं, बल्कि 'इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग' और 'सोशल सेलिंग' के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण के लिए भी कर रहे हैं।

# रहली की पंचायतों में जंग खा रहा 'विकास': करोड़ों के टैंकर बने कबाड़!

### गांव की फायर बिग्रेड को लगी लापरवाही की आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

गर्मी का पारा चढ़ते ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल का संकट गहराने लगा है। वहीं, मार्च-अप्रैल के महीनों में खेतों में खड़ी सूखी फसलों में आगजनी की घटनाएं भी बढ़ जाती हैं। इन आपात स्थितियों से निपटने के लिए शासन ने ग्राम पंचायतों को 'फायर ब्रिगेड' के विकल्प के तौर पर पंप युक्त पानी के टैंकर उपलब्ध कराए थे। लेकिन रहली जनपद में शासन की यह योजना खुद 'दम तोड़ती' नजर आ रही है।

शासन का उद्देश्य था कि दूरदराज के गांवों में आग लगने पर शहर से फायर ब्रिगेड पहुंचने तक का इंतजार न करना पड़े और गांव का अपना टैंकर तत्काल आग पर काबू पा सके। इसके लिए टैंकरों के साथ विशेष पंप भी दिए गए थे। जमीनी हकीकत यह है किः अधिकांश टैंकरों से कीमती पंप नदारद हैं। रहली जनपद की 95 ग्राम पंचायतों को दिए गए 246 टैंकरों में से 56 पूरी तरह क्षतिग्रस्त हैं। लगभग दो दर्जन टैंकर कबाड़ में तब्दील हो चुके हैं, जो अब मरम्मत के लायक भी नहीं बचे। करीब तीन दर्जन टैंकर छोटे-मोटे सुधार कार्यों के अभाव में धूल फांक रहे हैं और जंग की भेंट चढ़ रहे हैं।




### आंकड़ों में बदहाली विवरण संख्या

कुल ग्राम पंचायतें 95, कुल आवंटित टैंकर 246, कुल क्षतिग्रस्त टैंकर 56, पूर्णतः अनुपयोगी (कबाड़) 24+, सुधार योग्य/जंग खा रहे 36+

### ग्रामीणों का कहना है

शहर से फायर ब्रिगेड आने में घंटों लग जाते हैं, तब तक फसलें राख हो जाती हैं। पंचायतों के टैंकर अगर सही होते तो लाखों का नुकसान बचाया जा सकता था, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी से ये सिर्फ लोहे का ढांचा बनकर रह गए हैं।

अब देखना यह होगा कि क्या प्रशासन इन कबाड़ हो रहे टैंकरों की सुध लेकर उन्हें समय रहते कब तक दुरुस्त कराता है।

## खुरई में मजदूर की झोपड़ी में आगः सोते समय मां-बेटी झुलसीं, सिविल अस्पताल में भर्ती

**खुरई।** शहरी थाना क्षेत्र के मूड़री गांव में फसल काटने आए मजदूरों की खेत में बनी झोपड़ी में शुक्रवार रात अचानक आग लग गई। घटना में मां और बेटी झुलस गईं, जिन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना उस समय हुई जब मजदूर नन्नू आदिवासी परिवार सहित झोपड़ी में सो रहा था। तेज गर्मी से उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि झोपड़ी में आग लगी हुई थी। मजदूर ने तुरंत टीन टप्पर हटाकर अपनी पत्नी बेलाबाई और बेटी निराशा को बाहर निकाला। बाहर निकलते समय आग की चपेट में आने से बेलाबाई और निराशा के हाथ-पैर झुलस गए।मजदूर आदिवासी ने बताया कि वह सतना से किसान ज्ञानचंद के खेत की फसल काटने के लिए परिवार सहित मूड़री गांव आया था। दिन भर मजदूरी करने के बाद परिवार रात में सोया था। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और मां-बेटी को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। आग से उनकी झोपड़ी और उसमें रखा सारा घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। परिवार के पास केवल वही कपड़े बचे हैं जो उन्होंने पहन रखे थे।



## जाटव समाज सागर द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी

**सागर।** प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्ष भी 14 अप्रैल को डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी की जन्म जयंती का आयोजन बड़े ही धूमधाम से जाटव समाज सागर द्वारा किया जाएगा। जयंती की तैयारी के संदर्भ में आज बैठक आयोजित की गई जो साईं मंदिर धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में समाज के प्रमुख लोगों ने भागीदारी कर जयंती को बड़े ही धूमधाम से मनाने के लिए सहमति जताई व समाज जन ने पहुंचकर जयंती के कार्यक्रम को पूरे शहर व जिले की समाज को साथ लेकर व बाबा साहब को मानने वाले अनुयायियों के साथ मिलकर एकता का संदेश देते हुए इस जयंती को मनाने के लिए उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में समाज के प्रमुख चौधरी भगवती प्रसाद जाटव ने कहा बाबा साहब की बदौलत आज हमें सम्मान प्राप्त हुआ है। हम उनकी जन्म जयंती को बनाने के लिए पूरी ताकत से एकता से काम करेंगे व समाज व हर समाज के लोगों को संगठित करेंगे। महेश जाटव ने कहा बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलकर हम संविधान की रक्षा करने के लिए अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग समस्त समाज जो भी बाबा साहब अंबेडकर को मानने वाले लोग हैं उनको हम इस कार्यक्रम में शामिल कर भव्य तरीके से शोभा यात्रा का आयोजन करेंगे। कार्यक्रम में चौधरी गरीबदास जाटव, चौधरी धर्मेंद्र पाराशर, राजकुमार जाटव, राकेश जाटव, रोहित मंडले, कमल जाटव, हरिश्चंद्र जाटव, प्रकाश जाटव, अभिषेक जाटव, लाला कोतवाल, अब्बू जाटव आदि समस्त समाज के लोग उपस्थित थे।



## लाखा बंजारा झील में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सफाई व जल पूजन कार्यक्रम आयोजित

**सागर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित "जल गंगा संवर्धन अभियान 2026- जल शक्ति से नव भक्ति" कार्यक्रम के अंतर्गत 19 मार्च से 27 मार्च (वर्ष प्रतिपदा से रामनवमी) तक प्रथम चरण में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु सामूहिक प्रयास को प्रोत्साहित करना था। इसी क्रम में सागर के लाखा बंजारा झील के चकराघाट पर साफ-सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान नदी तट की स्वच्छता की गई तथा जल पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम विकासखंड सागर के द्वारा जल शक्ति नव भक्ति कार्यक्रम जल स्वच्छता, संरक्षण, जागरूकता कार्यक्रम का संदेश चकरा घाट पर दीप दान, भजन, जल संरक्षण हेतु मानव श्रृंखला, जल ही जीवन है जल है तो कल है बिन जल सब सून के जय घोष के आयोजित किया गया इसके साथ साथ चकराघाट पर उपस्थित जन समुदाय को जल संरक्षण हेतु जागरूक किया जल जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उसके महत्व पर उपस्थित जिला समन्वयक के के मिश्रा द्वारा उद्बोधन छात्रों से जल संवाद किया गया सभी ने इस अभियान में शामिल होकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को अभियान से जोड़कर जल के प्रति संवेदनशील होकर उसके उपयोग और भविष्य में होने वाले जल वर्षा को संरक्षण कर नदी, तालाब , बाबडी को पुनर्जीवित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर गौरव राजपूत, नीरज व्यास, संदीप रैकवार, लाजी श्राफ सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। सभी का आभार विकासखंड समन्वयक जय सिंह ठाकुर के द्वारा किया गया एवं जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

### नवरात्रि विशेषः बांदरी के निकट मेहर में स्थित मां हिंगलाज देवी मंदिर

# कड़ान नदी के तट पर स्थित 400 वर्ष पुराने मंदिर में अज्ञातवास के दौरान आए थे पांडव, नवरात्रि में प्रतिदिन किया जाता है नयनाभिराम श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नेशनल हाइवे फोरलेन 44 पर बांदरी के निकट स्थित मेहर में धसान-कढ़ान नदी के पावन तट पर अति प्राचीन मां हिंगलाज देवी का मंदिर स्थित है। वैसे तो यहां पूरे साल भक्त दर्शनार्थ आते हैं पर नवरात्र के दौरान मंदिर का महत्व और भी बढ़ जाता है यहाँ दूर-दूर से श्रृद्धालू दर्शन करने के लिए आते हैं। कहा जाता है कि मंदिर के पास एक रहस्मयी गुफा है जिसका गुप्त मार्ग गढ़पहरा स्थित अनगढ़ देवी तक जाता है।



### मंदिर से जुड़ीं कई अनोखी मान्यताएं

मंदिर से जुड़ी प्रचीन किवदंति के अनुसार मेहर के मां हिंगलाजदेवी मंदिर में अज्ञातवास के दौरान पांडव आए थे। इस मंदिर में मां हिंगलाज देवी के अलावा भगवान शिव, बारह ज्योर्तिलिंग, काल भैरव, रामदरबार, प्राचीन शिवलिंग भी है। बताते हैं कि इस शिवलिंग की स्थापना अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने की थी, मां के दर्शनों के पहले भक्त कालभैरव के दर्शन करते हैं। ऐंसा कहा जाता है कि बरसात के दिनों में एक सुराग से स्वयं धसान-कढ़ान नदी गुप्तेश्वर महादेव का अभिषेक करने आती हैं।

मंदिर ट्रस्ट द्वारा मंदिर परिसर में बारह ज्योर्तिलिंग की भी स्थापना की गई थी जिनके दर्शन कर भक्त धन्य हो जाते हैं 400 चार सौ साल पुराने इस मंदिर प्रांगण में विशाल पीपल, बरगद, बेलपत्र के पेड़ लगे हुए हैं जो यहां आध्यात्मिक वातावरण को बढ़ा कर सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं।

माँ हिंगलाज देवी के दरबार में भक्त अपनी मनोकामना पूरी कराने के लिए लाल कपड़े में नरियल बांधकर रखते हैं इसके अलावा कष्टों से मुक्ति पाने के लिए माँ को नीबू की माला पहनाते हैं। नवरात्र में प्रतिदिन मंदिर के पुजारी द्वारा माँ हिंगलाज देवी जी का नयनाभिराम श्रृंगार किया जाता है महिलाएं यहां आकर सुहाग की वस्तुएं भी दान करती हैं और अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना करती हैं। मंदिर के पुजारी बताते हैं कि नवरात्रि आते ही मां अंजनी के दरबार में चहल-पहल बढ़ जाती है यहां आने के बाद श्रद्धालुओं को असीम शांति मिलती है और कष्ट सहज ही दूर होते हैं एक समय मंदिर के पास लोग जाने में डरते थे क्योंकि मंदिर के पास नदी में जंगली जानवर पानी पीने आते थे, समय के साथ मेहर की आबादी बढ़ने लगी, लोग यहाँ पर पूजा करने आने लगे, साधु संतों ने रहना प्रारंभ कर दिया। मंदिर परिसर में कई साधु-संतों की समाधि बनी हैं।

लाठी-डंडों से किया हमला, महिलाएं भी मारपीट में शामिल, वीडियो वायरल

# शादी के लिए पैसे उधार देने से मना करना बना जानलेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





जिले के मोहनगढ़ थाना क्षेत्र में एक अलहदा मामला सामने आया है जिसमें एक पक्ष ने अपने भतीजे की शादी के लिए पैसे उधार मांगे और जब दूसरे पक्ष ने उधार देने से मना किया तो उस पर घेराबंदी करते हुए लाठी डंडों से हमला कर बेरहमी से मारपीट कर दी। इस मारपीट में महिलाएं भी शामिल रहीं। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

थाना मोहनगढ़ में दर्ज एफआईआर के अनुसार पीड़ित काशीराम अहिरवार ने बताया कि जब बह अपने भाई बृजलाल अहिरवार के साथ गौड़ बब्बा मंदिर के पास सीसी रोड पर खड़े होकर बातचीत कर रहे थे तभी धनीराम अहिरवार, सुरेश अहिरवार और दिनेश अहिरवार आए और कहने लगे कि जब तुमसे हमारे भतीजे की शादी के लिए पैसे उधार मांगे थे तो तुमने क्यों नहीं दिए। तब पीड़ित काशीराम ने कहा कि पैसे नहीं थे तो कहां से पैसे दे देते। तब उक्त आरोपियों द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए अभद्रता की जाने लगी और जब पीड़ित काशीराम ने ऐसा करने से मना किया तो उक्त आरोपियों ने 22 मार्च की सुबह करीब 7 बजे गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पुलिस ने इस मामले में धनीराम अहिरवार, सुरेश अहिरवार और दिनेश अहिरवार को नामजद आरोपी बनाया है। रिपोर्ट के अनुसार आरोपियों ने एक राय होकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। हमले में पीड़ति बृजलाल को चोटें आईं। घटना के दौरान वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने मारपीट का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में महिलाएं और पुरुष मिलकर एक व्यक्ति को लाठी डंडों से बेरहमी से मारते हुए दिखाई दे रहे हैं। और पीड़ति व्यक्ति जमीन पर गिरा हुआ है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर अन्य लोगों की पहचान भी की जा रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने अपने भतीजे की शादी के लिए पीड़ति बृजलाल से उधार पैसे मांगे थे। पैसे नहीं देने पर आरोपियों ने हमला कर दिया। अब इस पूरे मामले का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस कार्रवाई में जुटी है। पुलिस ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर अन्य हमलावरो की पहचान की जा रही है। वीडियो के आधार पर आरोपियों की संख्या बढ़ सकती है। फिलहाल पुलिस ने उक्त तीनों आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 296, 115(2), 118(1), 351(3),3(5) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# फसल बचाने लगाई करंट वाली बाड़ बनी मौत का सबब

## किसान दंपती की हुई मौत, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले के खरगापुर थाना क्षेत्र के गुना गांव में खेत की बाड़ में दौड़ाए गए करंट की चपेट में आने से किसान दंपती की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे से गांव में शोक की लहर फैल गई है। पुलिस ने मामले में आरोपी किसान को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार गुना गांव निवासी 65 वर्षीय वंशी उर्फ टुंडा आदिवासी और उनकी 63 वर्षीय पत्नी गणेशी आदिवासी शनिवार को अपने खेत पर जा रहे थे। इसी दौरान वे पड़ोसी किसान बिरजू अहिरवार के खेत की बाड़ में लगाए गए करंट वाले तार की चपेट में आ गए। बारिश के कारण खेत के आसपास पानी भरा हुआ था, जिससे करंट पूरे क्षेत्र में फैल गया और दोनों पति-पत्नी उसकी चपेट में आ गए। बताया जा रहा है कि किसान बिरजू अहिरवार ने अपनी फसल को जानवरों से बचाने के लिए खेत की बाड़ में करंट दौड़ा रखा था।

दंपती के साथ जा रही एक बकरी भी करंट लगने से मौके पर ही मर गई। घटना की सूचना मिलते ही खरगापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए खरगापुर अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने आरोपी बिरजू अहिरवार के खिलाफ बीएनएस की धारा 105, 325 सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। फसलों को जानवरों से बचाने के लिए किसान कई बार खेतों की बाड़ में अवैध रूप से करंट दौड़ा देते हैं, लेकिन यह तरीका जानलेवा साबित हो रहा है। इस घटना ने एक बार फिर ऐसे खतरनाक तरीकों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जो इंसान के लिए जानलेवा साबित हो रहें है। साथ ही ऐसे तरीको से जानबरों को भी अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है।

## याचिका दायर करने पदाधिकारी नियुक्त

**विदिशा।** शिक्षकों की पात्रता परीक्षा के संबंध में मप्र राज्य कर्मचारी संघ ने सर्वोच्च न्यायालय में पुर्नविचार याचिका दायर करने का निर्णय लिया है। शिक्षकों के इस संगठन ने याचिका दायर करने व अन्य कार्य के लिए पदाधिकारी नियुक्त कर दिए हैं। मप्र राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश मंत्री निरंजन सिंह घुरैया, अशोक दीपेरा, मप्र राज्य कर्मचारी संघ भोपाल के जिलाध्यक्ष जितेंद्र शाक्य, संभाग उपाध्यक्ष नारायण चतुर्वेदी को नियुक्त किया गया है। नियुक्त पदाधिकारियों से याचिका दायर करने की प्रक्रिया शुरू करने की अपील की गई है।

पीड़ित के अनुसार विवाद बढ़ने पर आरोपी ने उस्तरे से हमला कर दिया

# जबरन जर्सी ले जाने से मना करने पर युवक पर उस्तरे से हमला, जान से मारने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

■ पीड़ित ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है



कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार को एक युवक पर उस्तरे से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

शहर के मोहल्ला घुसयाना निवासी तौकीर पुत्र इदरिस खान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार, 21 मार्च को उसका दोस्त अमिल खान और तालाबपुरा निवासी शिवम सेन उसके पास आए थे। आरोप है कि शिवम सेन जबरन उसकी जर्सी लेकर जा रहा था। जब तौकीर ने इसका विरोध किया और जर्सी ले जाने से मना किया, तो शिवम उग्र हो गया। पीड़ित के अनुसार, विवाद बढने पर आरोपी शिवम ने उस्तरे से हमला कर दिया, जिससे तौकीर का हाथ कट गया और वह लहूलुहान हो गया।

पीड़ित ने आरोप लगाया कि हमलावर ने उसके साथ मारपीट की और उसे जान से मारने की कोशिश की। घटना के बाद पीड़ित तौकीर ने कोतवाली पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा है। पत्र के माध्यम से पीडित ने आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और अपना चिकित्सकीय परीक्षण (मेडिकल) कराने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एसपी के विशेष अभियान के तहत मोहनगढ़ पुलिस की कार्रवाई

# दबिश देकर पकड़ा 315 बोर का अवैध कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मोहनगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक आरोपी को अवैध देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

जिले में अवैध हथियारों के निर्माण, संग्रहण एवं क्रय-विक्रय करने वालों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी मोहनगढ़ निरीक्षक कमल सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 21 मार्च को कार्रवाई करते हुए महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने कस्बा लिधोरा आम रोड पर दबिश दी, जहां आरोपी अरविंद चौबे निवासी ग्राम टीला दांत थाना मोहनगढ़ के कब्जे से 315 बोर का एक अवैध देशी कट्टा एवं 2 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इस मामले में थाना मोहनगढ़ में आरोपी अरविन्द के विरुद्ध धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। इस कार्रवाई में मोहनगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक कमल सिंह ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक संतोष कुमार पांडे, प्रधान आरक्षक रघुवीर घोष, आरक्षक पुष्पराज, हितेश, प्रशांत एवं दीपक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि अवैध हथियार रखने, बनाने या बेचने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# नपा में बढ़ा घमासान, पार्षदों ने धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर पालिका परिषद ललितपुर में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर पार्षदों का आक्रोश अब खुलकर सामने आ गया है। इस संबंध में जिलाधिकारी को संबोधित एक पत्र सौंपते हुए पार्षदों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे नगर पालिका प्रांगण के बाहर धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। पत्र के अनुसार, पार्षदों ने 23 मार्च 2026 को बोर्ड बैठक बुलाए जाने की बात कही है, जिसमें नगर में कराए गए निर्माण कार्यों और अन्य मामलों में हुई अनियमितताओं पर विस्तृत चर्चा प्रस्तावित है। हालांकि, पार्षदों का आरोप है कि अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा बैठक आयोजित करने में टालमटोल की जा रही है, जिससे स्थिति और अधिक गंभीर होती जा रही है। पार्षदों ने अपने पत्र में कहा है कि नगर में कराए गए कई कार्यों में पारदर्शिता का अभाव है और नियमों की अनदेखी की गई है। इन मुद्दों पर बार-बार ध्यान आकर्षित कराने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही, जिससे जनप्रतिनिधियों में रोष व्याप्त है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 23 मार्च को प्रस्तावित बैठक नहीं कराई गई और अनियमितताओं पर कार्रवाई नहीं हुई, तो सभी पार्षद सामूहिक रूप से नगर पालिका परिसर के बाहर धरना-प्रदर्शन शुरू करेंगे। इसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस पूरे मामले में बड़ी संख्या में पार्षदों के हस्ताक्षर भी पत्र में शामिल हैं।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के साथ ईवीएम का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विकास भवन परिसर में स्थापित ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक अंतरिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि ईवीएम भंडार कक्ष में ईवीएम को कड़ी सुरक्षा में विधानसभावार सुरक्षित रखा गया है, वेयर हाउस में सीसीटीवी कैमरों की कड़ी निगरानी है। इस पर निर्देश दिये गए कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन कार्यालय, स्ट्रांग रुम एवं ईवीएम वेयर हाउस में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जायें। निरीक्षण के दौराप सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह सहित राजनैतिक दलों में आम आदमी पार्टी से हरदयाल सिंह लोधी, बहुजन समाज पार्टी से अनेक सिंह राजपूत, भारतीय जनता पार्टी से महेश कुमार, इण्डियन नेशनल कांग्रेस से जसपाल सिंह, समाजवादी पार्टी से नेपाल सिंह, अपना दल से सोहन लाल निरंजनआदि उपस्थित रहे।

# खेत की जाली तोड़ने का विरोध करने पर किसान को जान से मारने की धमकी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रजौरा रोड पर एक किसान के खेत की घेराबंदी (मुण्डी और जाली) तोडऩे और विरोध करने पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर पड़ौसी खेत मालिक और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। शहर के मोहल्ला रावतयाना निवासी मनोज कुमार समैया पुत्र शिखरचन्द्र ने पुलिस को बताया कि उनका खेत पाली के रजौरा रोड पर स्थित है। शनिवार, 14 मार्च 2026 को दोपहर करीब 3 बजे जब वह अपने खेत पर फसल देखने गए, तो उन्होंने देखा कि खेत में लगी लोहे की मुण्डी और जाली किसी ने तोड़ दी है। पीड़ित मनोज के अनुसार, पास के खेत में काम कर रहे रज्जू पुत्र पन्नालाल से जब उन्होंने इस बारे में पूछा, तो वह गाली-गलौज करने लगा। रज्जू ने स्वीकार किया कि जाली उसने और उसके एक साथी ने मिलकर तोड़ी है।

## मड़ावरा में घर में घुसकर पिता-पुत्र पर किया हमला

**ललितपुर।** मड़ावरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बहादुरपुर में दबंगई का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति और उसके बेटे पर घर में घुसकर जानलेवा हमला किया गया। आरोप है कि हमलावरों ने पीड़ितों को जलती हुई लकड़ी (आग लगी लकड़ी) से बेरहमी से पीटा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बहादुरपुर निवासी रखडी पुत्र बिजुआ अहिरवार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पास के गांव रनगांव में एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस अपने घर लौटा था। 19 मार्च की शाम करीब 7 बजे, बिना किसी कारण के गांव के ही अरविन्द और धर्मेन्द्र (पुत्रगण रन्धीर अहिरवार) उसके घर में घुस आए। पीड़ित का आरोप है कि दोनों आरोपियों ने घर के अंदर घुसकर उसके और उसके पुत्र ओरन्स के साथ मारपीट शुरू कर दी।

मुनिश्री विकौशल सागर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी महावीर जयंती संबंधी जानकारी

# विश्व शांति के लिए भगवान महावीर का संदेश सबसे महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



महावीर जयंती के अवसर पर इस वर्ष भी शहर में भव्य शोभायात्रा, भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। महावीर जयंती को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में गणाचार्य विराग सागर महाराज के शिष्य मुनि श्री विकौशल सागर महाराज ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांत अनेकांतवाद, अहिंसा, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य आज भी समाज को सही दिशा दिखा रहे हैं।

बाजार जैन मंदिर के सामने जैन धर्मशाला में मुनि श्री 108 विकौशल सागर महाराज द्वारा जी के सानिध्य में आयोजित प्रेस वार्ता कहा गया कि विश्व शांति के लिए भगवान महावीर का ह्लजियो और जीने दोह्व का संदेश सबसे महत्वपूर्ण है और आज के समय में इसकी सबसे ज्यादा आवश्यकता है। मुनि श्री ने बताया कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने भी भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांतों का गहन अध्ययन किया था और लंबे समय तक जैन ग्रंथों का अध्ययन करने के बाद उन सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारा। बाद में इन्हीं विचारों को भारतीय संविधान में भी स्थान दिया गया। उन्होंने बताया कि महावीर जयंती के अवसर पर भगवान महावीर की प्रतिमा को रथ में विराजमान कर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्रद्धालु अपने-अपने घरों के बाहर रंगोली सजाकर श्रीजी की आरती करेंगे। जगह-जगह मुनि श्री के पाद प्रक्षालन, प्रवचन, भजन कीर्तन तथा स्वागत में प्रसाद और पेयजल की व्यवस्था भी की जाएगी। धार्मिक आयोजनों को लेकर समाजजनों में उत्साह का माहौल है और महावीर जयंती को भव्य रूप से मनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस का अभियान, राहवीर योजना में 25 हजार इनाम

# गोल्डन ऑवर में मदद करना ही सच्चा जीवनदान: एसपी मंडलोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस द्वारा व्यापक सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार पूरे जिले में प्रभावी रूप से लागू किया गया है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में शुरू किए गए इस अभियान का उद्देश्य केवल यातायात नियमों का पालन कराना नहीं, बल्कि नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता विकसित करना है।

पुलिस द्वारा जारी की जा रही ट्रैफिक एडवाइजरी के माध्यम से लोगों को विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी जा रही है। जिसमें पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन की राहवीर योजना के तहत यदि कोई नागरिक सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाता है, तो उसे 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि और सम्मान पत्र दिया जाता है। इस योजना की खास बात यह है कि मदद करने वाले व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कानूनी प्रक्रिया या पूछताछ से पूरी तरह मुक्त रखा जाता है। इसी तरह भारत सरकार की ह्लगुड सेमेरिटन योजनाह्व के तहत दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाती है और उसे पुलिस या अस्पताल की प्रक्रिया में अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाता। पुलिस ने गोल्डन ऑवर की अहमियत बताते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना के बाद का पहला एक घंटा सबसे महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान घायल को अस्पताल पहुंचा दिया जाए तो उसके जीवन बचने की संभावना 70 से 80 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। समय पर की गई मदद किसी के लिए जीवनदान साबित हो सकती है।

पुलिस ने नागरिकों से हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की है। जिला पुलिस ने जिलेवासियों से कहा है कि सड़क सुरक्षा को अपनी जिम्मेदारी समझें, नियमों का पालन करें और दुर्घटना की स्थिति में मानवता का परिचय देते हुए घायल व्यक्ति की मदद अवश्य करें। एसपी मंडलोई ने सड़क सुरक्षा के 5 जरूरी नियम उल्लेखित करते हुए कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट जरूर लगाएं, तेज गति से वाहन न चलाएं, नशे में ड्राइविंग न करें, मोबाइल का उपयोग न करें, ट्रैफिक सिग्नल और लेन नियमों का पालन करें।

## युवक पर जानलेवा हमला, सिर में चोट

**ललितपुर।** मड़ावरा थाना क्षेत्र के ग्राम लुहर्रा में दबंगों द्वारा एक युवक और उसके भाई पर लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में युवक के सिर में गंभीर घाव हुआ है, जबकि बीच-बचाव करने आए उसके भाई को भी बुरी तरह पीटा गया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम लुहर्रा निवासी सतेन्द्र (19 वर्ष) पुत्र आशाराम अहिरवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि बीती 19 मार्च की रात करीब 8 बजे गांव के ही कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि गांव के पप्पू, कनई और आशीष ने पुरानी रंजिश या विवाद के चलते उसे घेर लिया और लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से प्रहार शुरू कर दिया।

### डूडा प्रभारी के नेतृत्व में दबे पांव की गई जांच में फर्जीवाड़ा उजागर हुआ

# कलेक्टर की सर्जिकल स्ट्राइक 42 सफाई कर्मचारी फर्जी मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा कराई गई गुप्त जांच में नगरपालिका श्योपुर में 42 फर्जी सफाई कर्मचारियों द्वारा हर माह वेतन लेने का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। जिन कर्मचारियों को जांच दल ने फर्जी माना है वो सरकार से हर माह सेलरी तो उठा रहे हैं लेकिन उन्हें कभी किसी ने झाड़ू लगाते नहीं देखा है। ऐसे फर्जी कर्मचारियों को चिन्हित कर हटाने की कार्रवाई नगर पालिका ने शुरू कर दी है। जिला शहरी विकास अभिकरण अधिकारी विजय शाक्य के नेतृत्व में गठित दल के द्वारा भौतिक सत्यापन में यह खुलासा हुआ है जिसे कलेक्टर अर्पित वर्मा की फर्जी कर्मचारियों पर की गई सर्जिकल स्ट्राइक बताया जा रहा है।

नगरपालिका के विभिन्न 23 वार्डो में सफाई के लिए 442 सफाई कर्मचारी नियुक्त किए हुए हैं जो वार्डो की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए बहुत अधिक दिखाई पड़ते हैं। इसके बावजूद विशेष अवसरों पर अतिरिक्त सफाई कर्मचारी नियुक्त करने पड़ते हैं। पार्षदों द्वारा भी आय दिन वार्ड में नियुक्त सफाई कर्मचारी द्वारा सफाई नहीं करने की शिकायत की जाती रही है इसे कलेक्टर अर्पित वर्मा ने गंभीरता से लेते हुए जिला शहरी विकास अभिकरण अधिकारी विजय शाक्य के नेतृत्व में एक दल गठित किया जिसके द्वारा किए गए भौतिक सत्यापन में यह फर्जीवाड़ा उजागर हुआ। हालांकि जिन कर्मचारियों को प्रशासन फर्जी बताकर हटाने की कार्रवाई कर रहा है वह खुद को सही बताते हुए की गई कार्रवाई को पूर्वाग्रह से ग्रसित बताते हुए उन्हें हर माह वेतन नहीं देने के कारण किए जाने वाले आंदोलन को कारण बता रहे हैं।



#### ऐसे हुआ दबे पांव भौतिक सत्यापन

जिला शहरी विकास अभिकरण अधिकारी के नेतृत्व में जो दल गठित किया गया था उसमें तहसीलदार मनीष मिश्रा, सीएमओ आरआर यादव को भी शामिल किया गया था। इस दल ने हर वार्ड में पहुंचकर उस हल्के में जाकर नागरिकों से चर्चा की जिस हल्के में सफाई कर्मचारी तैनात थे पहले नियमित साफ सफाई की बात की गई जैसे सफाई दिन में कितनी बार होती है। कचरा गाड़ी डोर टू डोर कलेक्शन करने आती है या नहीं। कितने लोग सफाई करने आते हैं, सफाई के नाम पर कोई पैसे तो नहीं मांगता?। जो सफाई कर्मचारी सफाई करने हल्के में पहुंचते हैं उनके नाम नागरिकों को बताए गए, 23 वार्डो के विभिन्न हलकों में इस तरह किए गए भौतिक सत्यापन में नागरिकों ने 42 कर्मचारी संदिग्ध बताए। किसी ने भी उनके वार्ड में आकर सफाई करने की बात नहीं बताई। सीएमओ ने इस मामले में बता दिया कि सफाई करते हैं या नहीं लेकिन हर माह उनका वेतन खातों में जरूर डाला जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर अब फर्जी कर्मचारियों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

#### पार्षद, पूर्व पार्षद, सीएमओ के रिश्तेदार फर्जी मिले

प्रशासन को जांच में जो 42 सफाई कर्मचारी फर्जी मिलना बताए जा रहे हैं उनमें अधिकतर ऐसे कर्मचारी है जो किसी न किसी नेता के आशीर्वाद से नगर पालिका में सफाई के लिए लगाए तो गए हैं लेकिन वह सफाई करने के बजाय सिर्फ नेताओं की चौखट पर सलाम ठोकर अपनी हाजिरी दर्ज करा रहे हैं। मिले 42 फर्जी कर्मचारियों में पार्षद का बेटा, पूर्व पार्षद का भाई एवं एक वरिष्ठ अधिकारी की पत्नी भी शामिल बताई जा रही है। प्रश्न यह उठ रहा है कि इतनी बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी फर्जी लगे हुए थे तो फिर नगर पालिका में सफाई कर्मचारियों की निगरानी के लिए नियुक्त किए गए सफाई दरोगा, स्वास्थ्य निरीक्षक और हेल्थ ऑफीसर क्या कर रहे थे? यह उनकी हाजिरी कहां भरा रहे थे और इनका भौतिक सत्यापन कैसे किया जा रहा था?।

#### इनका कहना है...

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर जिला शहरी विकास अभिकरण अधिकारी के नेतृत्व में किए गए भौतिक सत्यापन में 42 सफाई कर्मचारी फर्जी मिले हैं। इन कर्मचारियों को सेवा से पृथक करने के लिए शासन को पत्र लिख दिया है। इनके वेतन पर रोक लगा दी गई है।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

नगर पालिका कंगाल हो चुकी है वह कर्मचारियों को वेतन नहीं दे पा रही है। कर्मचारी वेतन की मांग करते हैं तो उन्हें फर्जी बताकर हटाया जा रहा है। मेरा बेटा जो मुझसे अलग रहता है सफाई कर अपना जीवन यापन कर रहा था उसे भी हटाया गया है इस हिटलर शाही के खिलाफ हम लड़ाई लड़ेंगे।

**रेखा महावीर बाल्मिक**
**पार्षद वार्ड नं 2**

### आज रचे जाएंगे स्वांग प्रदर्शन होगा, कल समारोहपूर्वक समापन

# सुबात कचहरी पर दर्शनों को रखी गई गणगौर ,मेला उत्सव शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

राजस्थानी लोक धार्मिक उत्सव गणगौर पर्व की इन दिनों जिला मुख्यालय पर धूम मची हुई है। नगरपालिका के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय गणगौर मेला रविवार से शुरू हो गया मेला के प्रथम दिन गणगौरों को सजा कर आनंदी माता मंदिर के पास सुबात कचहरी पर दर्शनों के लिए रखा गया। सोमवार को विभिन्न मंडलों के माध्यम से कलाकारों द्वारा स्वांग रचने का आयोजन किया जाएगा।

गणगौर का त्योहार श्योपुर जिला मुख्यालय पर पांच दिवसीय होता है। पहले दिन महिलाएं गणगौर की पूजा विभिन्न मंदिरों पर ईसर-गणगौर बनाकर करती हैं इसके दूसरे दिन मंदिरों पर गणगौर (मूर्तियां) को सजाकर दर्शनों के लिए रखा जाता है। इसके बाद तीन दिनों तक गणगौर मेला की शुरुआत आनंदी माता मंदिर के पास आयोजित किया जाता है। इस क्रम में रविवार के दिन गणगौर को दर्शनों को लाया गया जिनके दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी। सोमवार एवं मंगलवार को विभिन्न कलाकारों द्वारा स्वांग रचकर लोगों का मनोरंजन किया जाएगा। जिसे देखने के लिए दूर दराज गांवों से भी लोग आते हैं गणगौर के अंतिम दिन नगरपालिका की ओर सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है। पार्षद प्रतिनिधि टोनू गौतम ने बताया कि गणगौर रखने वाले स्थानों की साफ सफाई कराकर अस्थाई अतिक्रमण हटाने का काम दिन में ही कर दिया गया था और गणगौरों को सजा कर रखने के लिए स्टोल लगवा दिए गए थे। नगर पालिका के माध्यम से हर साल की तरह इस साल भी गणगौर महोत्सव का समापन समारोह पूर्वक किया जाएगा। कलाकारों को पुरस्कार भी दिए जाने हैं इस संबंध में सीएमओ को बता दिया गया है।



#### जेसीआई का 'गणगौर महोत्सव' हर्षोल्लास से मना

श्योपुर। जेसीआई श्योपुर' द्वारा हर साल की भांति इस साल भी गणगौर महोत्सव उल्लास पूर्वक मनाया गया। जेसीआई अध्यक्ष जितेंद्र गर्ग ने बताया कि शनिवार को भव्य 'गणगौर महोत्सव' का आयोजन श्री हजारेश्वर मंदिर (पानी की टंकी के पास) में आयोजित हुआ, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान राजस्थानी लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, इन प्रतियोगिताओं के विजेता को पुरस्कार वितरण किया गया प्रतियोगिता में गणगौर के गानों पर नृत्य में नूपूर गर्ग ने प्रथम और सुप्रिया गौड़ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी और चूड़ी से सजे हाथ पारंपरिक कला का प्रदर्शन में हिना अग्रवाल प्रथम और अंकिता गौड द्वितीय स्थान पर रहीं। पिया का नाम लेने की कला में अपनी रचनात्मकता और वाकपटुता से नंदनी गर्ग ने प्रथम व कविता गोयल ने द्वितीय स्थान हासिल किया।डिजाइनर गुने बनाने की पाक कला और कलात्मकता की प्रतियोगिता में हिना अग्रवाल प्रथम और प्रिति बंसल द्वितीय स्थान पर रहीं। आयोजन को जेसीआई की लेडी चेयर पर्सन कामनी शर्मा, उपाध्यक्ष मोनिका वैष्णव, सचिव आराधना शर्मा और सहसचिव रूपाली राठौर विशेष रूप से किया। मंच का कुशल संचालन लेडी जेसी माया राज शर्मा और उर्मिला गर्ग द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में परियोजना संचालक ज्योति बिंदल, मंजेश साहू, विदिशा जैन, सरिता गोयल, सुमन शिवहरे, सोनाली मित्तल, नीलम गर्ग, रश्मि गर्ग, सपना गुप्ता, मधु मित्तल, आशा गोयल और आरती गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा।

# निर्माण कार्य प्रारंभ करने की सूचना नहीं देने पर हो सकती कार्रवाई

**निर्माण कार्य की जानकारी देकर श्रमिक कल्याण में दें अपना योगदान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्रम विभाग द्वारा निर्माण स्थलों पर सुरक्षा एवं स्वस्थ कार्यस्थल बनाने और श्रमिकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत निर्माण स्थलों पर श्रमिकों के लिए सुरक्षा व्यवस्था एवं सुरक्षा अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। श्रम सेवा पोर्टल मोबाइल एप पर निर्माण स्थल का पंजीयन विवरण, कर्मचारियों की संख्या, स्थान (लोकेशन) सहित अन्य आवश्यक जानकारी एकत्र की जा रही है, जिस पर नियोजक श्रमिकों के लिए उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं की जानकारी दे सकते है।

भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम 1996 के प्रावधानों अनुसार किसी भवन या अन्य सनिर्माण कार्य प्रारंभ करने से कम से कम 30 दिन पूर्व उस क्षेत्र में, जहां प्रस्तावित भवन या अन्य सनिर्माण कार्य किया जाना है, अधिकारिता रखने वाले निरीक्षक को स्थल, सुरक्षा उपाय सहित समस्त आवश्यक जानकारी साँझा करना अनिवार्य है। निर्माण स्थलों की जानकारी या सूचना एमपीबीओसीडब्ल्यू के ऑनलाइन पोर्टल या जिला श्रम कार्यालय के माध्यम से दी जा सकती है। सूचना न देने पर निरीक्षण के दौरान नियम उल्लंघन माना जा सकता है और नियोक्ता पर जुर्माना अथवा कार्रवाई हो सकती है।

अधिनियम के प्रावधानो अनुसार यदि कोई नियोजक, धारा 46 के अधीन भवन या अन्य संनिर्माण कार्य के प्रारंभ की सूचना नहीं देता है, तो उसे कारावास; जिसकी अवधि तीन महीने तक की हो सकेगी या जुर्माना; जो दो हजार रुपए तक अथवा दोनों हो सकता है। विभाग ने यह भी कहा है कि ऐसे किसी भी निर्माण स्थल की सूचना देने के लिए कंट्रोल रूम नंबर-पर भी सम्पर्क कर सकते है। निर्माण कार्य का पंजीयन नहीं किये जाने पर नागरिक इस टोल फ्री नंबर पर जानकारी देकर शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

# भाजपा मंडल गसवानी के दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



भाजपा मंडल गसवानी द्वारा सिध्दखोह में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन के सत्र का शुभारंभ जिला उपाध्यक्ष परीक्षत धाकड़ ने किया। प्रशिक्षण में वक्ताओं ने पार्टी की विचारधारा, संगठन की मजबूती, कार्यकर्ता की भूमिका,केंद्र प्रदेश सरकार की योजना, कार्य पध्दति,भाजपा का इतिहास एवं विकास, सोशल मीडिया, नमो एप,बूथ प्रबंधन एवं मन की बात एवं आगामी रणनीतियों पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया गया कार्यक्रम के समापन सत्र के वक्ता के रूप में जिला महामंत्री अरविंद सिंह जादौन द्वारा कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल आचार्य, जिला महामंत्री अरविंद सिंह जादौन,जिला उपाध्यक्ष ओम राठौर, जिला सोशल मीडिया प्रभारी रवि सक्सेना गसवानी मंडल अध्यक्ष जगदीश धाकड़, पूर्व मंडल अध्यक्ष रिंकू शर्मा मंडल महामंत्री रामअवतार शर्मा, नंदकिशोर अनंत सहित मंडल पदाधिकारी कई वरिष्ठ एवं जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में इंटरनेशनल कॉफ्रेंस का आयोजन आज से

श्योपुर। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, श्योपुर के सेमिनार हॉल में भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा 23 मार्च से 25 मार्च तक आईसीएनसीपी-2026 पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस) का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने बताया कि उक्त आयोजित कॉन्फ्रेंस का विषय- नैनो-मटेरियल नैनोकम्पोजिट्स और कम्प्यूटेशनल भौतिकी (एनसीएमएनसीपी-2026) रखा गया है, जिसमें मुख्य वक्तागण के रूप में विषय विशेषज्ञ डॉ नर्गिस याघोबी निया-सीएनआर, आईएसएम (रोम इटली), डॉ जनार्दन डागर- डिपार्टमेंट ऑफ सॉल्यूशन प्रोसेसिंग ऑफ हाइब्रिड मेटेरियल्स - डिवाइसेज (बर्लिन, जर्मनी), डॉ पीयूष स्वामी- डिपार्टमेंट ऑफ़ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड फिजिक्स (पेरिस, फ्रांस), डॉ महमूद जेंडेहडल - इरिटेली ट्रेडिंग कंपनी (एसआरएल, रोम, इटली) एवं डॉ राम दत्त- स्वान्सी यूनिवर्सिटी (यूके) को आमंत्रित किया गया है। साथ ही की नोट स्पीकर के रूप में डिपार्टमेंट ऑफ फिजिक्स एंड एस्ट्रोफिजिक्स, दिल्ली विश्वविद्यालय से प्रोफ. पीडी सहारे, प्रोफ. अमरजीत कौर, प्रोफ. एस. सोमोरेंद्र सिंह उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों यथा दिल्ली विश्वविद्यालय, डीएवीवी इंदौर, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ तमिलनाडु, आईआईटी कानपुर, जेएमआई सेंट्रल यूनिवर्सिटी, आईजीएनटीयू सेंट्रल यूनिवर्सिटी, सीएसआईआर और सीईसीआरआई तमिलनाडु, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हिमाचल प्रदेश, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ इलाहाबाद से वक्तागण, शोधार्थी एवं विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञ शामिल होंगे।

# ससुराल में भिड़ गए साढ़ू भाई चले लाठी डंडे, क्रॉस केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



ससुराल में आए दो साढ़ू भाइयों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया कि दोनों के बीच लाठी डंडे चल गए। जिसमें दोनो साढ़ू भाई घायल हो गए। यह मामला आवदा थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में क्रॉस केस दर्ज कर लिया है।

आवदा थाना प्रभारी डीएस मालवीय ने बताया कि यह विवाद शनिवार की शाम को तब हुआ,जब वीरेन्द्र सिंह राजावत और उसकी पत्नी मंजू के बीच किसी बात को लेकर मुंहबाद हो रहा था,तभी वहां पहुंचे उसके साढ़ू सुमेर सिंह सोलंकी निवासी राधापुरा थाना बडौदा ने साढ़ू भाई वीरेन्द्र सिंह से कहा कि इस तरह झगडा क्यों कर रहे हो,इस वीरेन्द्र सिंह बोला कि तू बीच में क्यों बोल रहा है,हम आपस में पति पत्नी रह गए। हम आपस में कुछ भी करें। तूझे क्या। इसी बात को लेकर दोनो के बीच विवाद हो गया और दोनों तरफ से लाठी डंडे चल गए। विवाद में एक तरफ से वीरेन्द्र सिंह तो दूसरी तरफ से सुमेर सिंह घायल हो गया। दोनों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में दाखिल कराया गया। इस मामले में सुमेर सिंह की रिपोर्ट पर वीरेन्द्र सिंह के खिलाफ तो वीरेन्द्र सिंह की रिपोर्ट पर सुमेर सिंह, सुमेर सिंह की पत्नी मीना बाई तथा साला सोनू के खिलाफ मारपीट की धाराओं में क्रॉस केस दर्ज कर लिया है।

### प्रखर समाजसेवी श्योपुर पहुंचे, रनसिंह परमार को श्रद्धांजलि दी

# अशांति एवं हिंसा के लिए हो रहा है व्यवस्थित काम अहिंसा के लिए भी हो ऐसा प्रयासः राजू भाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




आज दुनिया में अहिंसा और अशांति फैलाने के लिए व्यवस्थित काम हो रहा है। और ये कार्य हथियार बनाने वाली कंपनियां कर रही है। इसकी शुरुआत वे खिलौना व्यवसाय से करते हैं जहां आज सबसे अधिक खिलौने बंदूक के रूप में बनाए जा रहे हैं जिन्हें चला कर बच्चे खुश होते हैं फिल्में हिंसा का प्रदर्शन करने वाली बन रही है सोशल मीडिया पर देखें तो जो ओन लाइन गेम हैं वे हिंसा पर आधारित हैं और इनमें पैसे हथियार बनाने वाली कंपनियां लगाती है अहिंसा के लिए इतना व्यवस्थित काम नहीं हो रहा है इसीलिए हिंसा बढ रही है। हमें अहिंसा के लिए प्रयास करना होगा। गुरुजी पं श्री राम शर्मा और गांधी जी यही चाहते थे। उक्त विचार गायत्री शक्तिपीठ पर स्व रनसिंह परमार की श्रद्धांजलि सभा में महात्मा गांधी सेवा आश्रम के अध्यक्ष डॉ पी वी राजगोपालन ने उपस्थित गायत्री परिजनों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हिंसा को बढ़ाने वालों ने तीर कमान से आगे बढ़कर बंदूक न्यूक्लियर पावर से हाइड्रोजन बम तक बना लिए हैं जो दुनिया को नष्ट करने के लिए बनाये गये हैं। प्रसिद्ध वैज्ञानिक आइंस्टीन ने कहा था कि वैज्ञानिकों ने बंदूक से एटम बम उससे भी आगे हाइड्रोजन बम बना लिया है उन्हें चाहे नोबल पुरस्कार मिल जाये पर वे महान नहीं कहे जायेंगे पर एक अकेला व्यक्ति गांधी है जो अहिंसा की बात करता है उसे चाहे नोबल पुरस्कार न मिला है पर उसकी महानता से कोई इंकार नहीं कर सकता। उन्होंने आगे कहा कि दुनिया भर में पीस कार्नर बन रहे हैं चाहे वो अमेरिका हो जर्मनी या अन्य देश वहां के स्कूलों में पीस क्लब बनाये जा रहे हैं कोई विवाद होने पर उन्हें पीस क्लब मे भेजा जाता है और जब तक वह समस्या हल न हो वे उठ नहीं पाते ऐसा काम हमें भारत में भी करना चाहिए राजू भाई ने बताया कि पं श्री राम शर्मा आचार्य का सत्संकल्प व बापू के आदर्श समान हैं उन पर चलकर समाज को बदला जा सकता है

कार्यक्रम के प्रारंभ में गायत्री परिवार के जिला समन्वयक चौथमल शर्मा व प्रमुख ट्रस्टी आदित्य चौहान ने राजू भाई को चंदन तिलक व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया अंत में उपस्थित गायत्री परिजनों ने स्व रनसिंह परमार की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात राजू भाई ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए एक पौधा भी लगाया।आभार प्रदर्शन मुख्य प्रबंध ट्रस्टी आदित्य चौहान व संचालन समाजसेवी कैलाश पाराशर ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राकेश दीक्षित, जयसिंह जादौन, डोंगर शर्मा, उदयभान भाई, शीतल भाई, गायत्री परिवार से आर डी यादव, डॉ ओमप्रकाश टकसाली ब्रजनेश सिंह परिहार, कैलाश राठौर, पुष्पेन्द्र परिहार, पूरणमल जांगीड वासुदेव गर्ग, लेखराज सुमन, सियाराम सुमन, प्रमोद शर्मा, बंटी लोधा, कमलेश लोधा ,राम अवतार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### प्राचीन देवी मंदिरों में दर्शनों के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

# शहर से लेकर गांवों तक बह रही धर्म की बयार,कहीं महायज्ञ तो कहीं चल रहा अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर जिले में इन दिनों शहर से लेकर गांवों तक धर्म की बयार बह रही है। चैत्र नवरात्रि के चलते शहर समेत जिलेभर के प्राचीन देवी मंदिरों दुर्गापुरी माता, पनवाडा माता तथा ओछा की कंकाली माता मंदिर आदि मंदिरों पर धार्मिक मेलों का आयोजन चल रहा है और दर्शनों के लिए श्रद्धालुओ की भीड उमड रही है। वहीं दूसरी तरफ जिले में दो स्थानों में महायज्ञों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके चलते जिलेभर के लोग भक्ति भाव में डूबे हुए दिखाई पड रहे है

शहर के बायपास रोड स्थित सुखधाम कॉलोनी में इन दिनों श्री विराट सोमयज्ञ महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। रविवार को इस महोत्सव का चौथा दिन था और महोत्स के चौथे दिन रविवार को महायज्ञ स्थल पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। सुबह 9 बजे प्ररवर्ग-उपसाद सहित सुब्रह्मण्यक्वाणम, उद्वासन अग्निशोमीय याग, श्री सोमराज का पालना, वसतिवरिग्रहमणम, यज्ञ भिक्षा व अक्षत वर्षा हुई, जबकि प्रातः-दोपहर श्री विष्णु गोपाल यज्ञ के अंतर्गत श्री नंद महोत्सव पलना तथा सायं 5 बजे भव्य नंद महोत्सव आयोजित किया गया। दोपहर 2 बजे आयोजित विष्णु गोपाल यज्ञ में एक सैकड़ा से अधिक यजमानों ने भाग लेकर विशेष आहुतियां दीं और अपने-अपने मनोरथों की पूर्ति की कामना की। यज्ञाचार्य सोमयाजी पूज्य ब्रजोत्सव जी महाराज के सानिध्य में संपूर्ण यज्ञ विधान संपन्न कराया गया। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यजमानों से आहुतियां दिलवाईं, जिससे पूरा यज्ञ परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। श्री विराट बृहस्पति वाजपेय सोमयज्ञ महोत्सव में सर्वाध्यक्षता जगतगुरु वल्लभ संप्रदाय आचार्य गोस्वामी गोकुलोत्सव महाराज ने की। यज्ञाचार्य वृजोत्सव (इंदौर वाले महाराज) के नेतृत्व में महायज्ञ हो रहे है। छह दिवसीय श्री विराट सोमयज्ञ का समापन 24 मार्च, मंगलवार को वैदिक विधानों के साथ होगा। अंतिम दिवस पर श्री सोमयज्ञ एवं श्री विष्णु गोपाल यज्ञ संपन्न होंगे, इसके साथ ही यज्ञभिक्षा और अक्षत वर्षा के वैदिक अनुष्ठान होंगे। सायंकाल विधिवत पूर्णाहुति के साथ श्री विराट सोमयज्ञ का समापन किया जाएगा। समापन अवसर पर महाप्रसाद का आयोजन भी होगा।



#### जाटखेड़ा हनुमान मंदिर पर चल रहा नवचण्डी अनुष्ठान

शहर से सटे जाटखेडा हनुमान मंदिर पर इन दिनों चैत्र नवरात्रि के चलते नवचण्डी अनुष्ठान आयोजित किया जा रहा है। महंत श्री लखनदास महाराज के सानिध्य में इस अनुष्ठान का शुभारंभ 19 मार्च को नवरात्रि के शुभारंभ होने के साथही हुआ। जिसका समापन रामनवमी पर किया जाएगा।

#### वनांचल में चल रहा 21 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ

कराहल वनांचल के ग्राम रीछी के पेली पार स्थित हनुमान जी मंदिर परिसर में इन दिनों भक्ति और श्रद्धा के माहौल के बीच 21 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस महायज्ञ में मुख्य यजमानों के द्वारा सपत्नीक बैठकर विधि-विधान से विश्व शांति और कल्याण की कामना के साथ आहुतियां दी जा रही है। मंत्रों की गूंज और हवन की पवित्र अग्नि से पूरा मंदिर परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आ रहा है। 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ का आयेजन देवरी धाम के महामंडलेश्वर रामदास महाराज एवं संत बालकनंद महाराज के सानिध्य में संपन्न हो रहा है। आयोजन समिति के अनुसार यह महायज्ञ 27 मार्च तक चलेगा।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर**। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुसमौदा थाना गुना निवासी सोनू अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रोहित परिहार, अंशुल चिड़ार व अन्य दो लोगों ने उसका रास्ता रोककर उससे मारपीट की और वाहन की तोड़फोड़ की। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुम्हारिया निवासी मनीष यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सतपाल सिंह सिक्ख व उसके दो साथियों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छोटी भोपाल निवासी रूद्र प्रताप राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी आशु राजपूत और सुनील राजपूत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अज्ञात चोर बाइक चुरा ले गए

**अशोकनगर**। जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम हसर्रा जिला शिवपुरी निवासी लालसिंह जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि करीला माता मंदिर पार्किंग से कोई अज्ञात चोर उसकी बाईक जिसका नंबर एमपी33 जेडएम 5017 है उसे चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### देवर ने भाभी पर खोलता पानी डाला

**अशोकनगर**। जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत पूजा बाई पत्नि रामकुमार सेन निवासी ग्राम अमरौद सददू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शिवकुमार सेन जो रिश्ते में उसका देवर है उसके द्वारा उसे गालियां दी गईं, उस पर खोलता पानी डाल दिया जिस पर से पुलिस ने आरोपी देवर पर मामला दर्ज किया है।

### 10 लाख रुपए का दहेज की मांग को लेकर मामला दर्ज

**अशोकनगर**। सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत निशी जैन निवासी साड़ा कॉलोनी राघौगढ ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से आयुष जैन, विमल जैन,उज्जवल जैन ने 10 लाख रूपए के दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया। पुलिस ने ससुराल पक्ष पर मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर**। जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं, जिले की सेहराई पुलिस ने ग्राम सोनाई निवासी भगवान सिंह आदिवासी के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। सेहराई पुलिस ने नरेश आदिवासी निवासी सोनाई के पास से 05 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। पिपरई पुलिस ने ग्राम भटौली निवासी जहिदरा सिंह यादव के पास से 05 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। चंदेरी पुलिस ने भानसिंह आदिवासी निवासी खानपुर के पास से 05 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। चंदेरी पुलिस ने ग्राम टाड़ा निवासी रतना बंजारा के पास से 06 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

## एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की दी शुभकामनाएं

# देश में अमन, चैन और खुशहाली की कामना के साथ ईद की हुई विशेष नमाज अदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अशोकनगर शहर में रमजान का महिना समाप्त होने के बाद ईद उल फितर के मौके पर विशेष नमाज का आयोजन हुआ। ईदगाह पर इस विशेष नमाज मे मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय द्वारा देश में खुशहाली और अमन, चैन की खुदा से कामना की गई, खुदा की इबादत में सिर झुकाए गए। विशेष नमाज पूरी होने के बाद लोगों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं, पूरे दिन ईद का पर्व मनता रहा।

यह मुसलमानों का सबसे बडा पर्व है। अशोकनगर शहर में रमजान का महिना धूमधाम से मनाया जाता है। इस महिने में रोजेदारों द्वारा रोजे रखे जाते हैं। महिना समाप्त होने के बाद चांद दिखते ही अगले दिन नमाज का आयोजन होता है। शनिवार को मीठी ईद का पर्व मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोग नए कपडे पहनकर ईद की विशेष नमाज मे शामिल हुए। सुबह से ही शहर में उत्साह देखा गया। शहर के इमाम बाडे से एक चल समारोह निकाला गया जिसमें जामा मस्जिद के इमाम ईद की विशेष नमाज अदा कराने पहुचे। इस दौरान अनेक गरीबो को सामग्री प्रदान की गई। ईद को लेकर शहर के बाजारों में दो दिन तक रौनक रही। इसे मीठी ईद के रूप मे मनाया गया, घर घर सिवाइया बनाई गईं थीं, इस त्यौहार पर मुस्लिम समुदाय के लोग एक दूसरे के घरों पर जाकर सिवाइयो की दावत देते देखे गए।

### राजपुर में ईद की नमाज अदा करने के बाद अमन चैन को उठे हजारों हाथ



इस्लाम धर्म का सबसे बड़ा त्यौहार कहा जाने वाला ईद-उल-फितर मीठी ईद का त्यौहार राजपुर कस्बे में बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान ईदगाह पर एकत्रित होकर सैंकड़ों लोगों ने विशेष नमाज अदा की गई। नमाज अदा करने के बाद आपसी सौहार्द, मुल्क की सलामती खुशहाली और बुलंदी के साथ साथ मुल्क में अमन चैन भाईचारा और एकता व अखंडता के लिए अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर रो-रोकर दुआएं मांगी गई। दुआ के बाद सभी लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान बड़ी संख्या में हिन्दू भाई भी मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की मुबारकबाद देते नज़र आए। सिरोंज रोड पर सत्ती वाले पहाड़ पर स्थित ईदगाह पर हाफिज वसीम बैग ने ईद उल फितर की नमाज अदा करवाई।

### एक-दूसरे से गले मिलकर दी मुबारकबाद

शाढ़ौरा में ईद के मौके पर विशेष नमाज का आयोजन हुआ, लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। शाढ़ौरा में सुबह 9 बजकर 15 मनिट पर ईद गाह में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने सामुहिक रूप से पहुँचकर विशेष नमाज अदा की। नमाज के दौरान देश में अमन-चैन,खुशहाली और कौमी एकता के लिए विशेष दुआ मांगी गई। मुस्लिम भाइयों ने सुबह की नमाज़ पडने के बाद, एक दूसरे को गले मिले और ईद मुबारक देते हुए बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी और भाईचारे एव एकता का संदेश दिया वही घर-घर सेवईंयों बनाई गईं। सभी मुस्लिम भाई नए कपड़े पहने हुए नजर आए। ईद उल फितर का त्योहार उत्साह के साथ मनाया गया। ईद उल फितर के अवसर पर ईद की नमाज़ से पहले मुस्लिम भाइयों द्वारा जरूरतमंदों लोगो को दान (फितरा) दिया गया ताकि वे भी खुशियों में शामिल हो सकें।



### उमंग व उत्साह के साथ मनाया गया ईद त्योहार

ईद के मौके पर विशेष नमाज अदा कर अमन चैन खुशहाली की कामना की,उमंग व उत्साह के साथ मनाया गया ईद त्योहार। नईसरायं तहसील मुख्यालय पर ईद का त्योहार उमंग व उत्साह के साथ मनाया गया। ईद के मौके पर मुस्लिम समाज द्वारा भैंसा रोड स्थित ईदगाह पर विशेष नमाज अदा की गई। इस दौरान हजारों हाथों ने देश की अमन चैन के लिए दुआएं मांगी और खुशी के लिए इबादत की। सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोग मस्जिदों और ईदगाह पर पहुंचे ईदगाह पर नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे को गले लगा कर ईद की मुबारकबाद दी। इस विशेष नमाज के मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने नए वस्त्र पहने और यह पर्व मनाया, इस दौरान घर-घर मीठी सिबईया बनाई गई लोग एक दूसरे के घरों पर शुभकामनाएं देने के लिए पहुंचे। इस दौरान नईसराय, थाना प्रभारी मनीष गुर्जर पटवारी बृजभान माहौर, आर आई सुरेंद्र सिंह यादव, कोटवार आकाश सेन राजस्व विभाग पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर मौजूद रहे। ईद के मौके पर हिंदू भाइयों ने भी अपने मुस्लिम भाइयों से गले लगा कर ईद की बधाइयां दी बच्चों में भी ईद मिलने पर खुशी का माहौल देखा गया।

## तुलसी सरोवर पर किया गणगौर का विसर्जन

# गणगौर के पर्व पर महिलाएं सराफा बाजार हनुमान मंदिर पहुंची



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गणगौर का पर्व होलिका दहन के अगले दिन से प्रांरभ हो जाता है जो सोलह दिनों तक चलता है। 16वे दिन अग्रवाल समाज की महिलाओं ने स्थानीय सराफा बाजार हनुमान मंदिर जाकर भगवान की पूजा अर्चना की और तुलसी सरोवर पर विसर्जन के लिए पहुंचीं जहां शिव और पार्वती के रूप में ईसर गणगौर का विसर्जन किया गया, जिसमें ईसर शिव हैं और गणगौर पार्वती जी हैं।

इससे पहले शहर मे एक चल समारोह भी निकाला गया था। इस दौरान 16 दिनो तक सूर्य भगवान को अर्ग दिया जाता है। कईं महिलाओं द्वारा 16 दिन तक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, कईं महिलाएं एक दिन का कार्यक्रम रखती हैं जिसे 16वे दिन के रूप में मनाया जाता है। इसे नव युवतियां अच्छे वर की कामना के साथ मनाती हैं तो महिलाएं अपने पति की लंबी आयु की कामना को लेकर यह पर्व मनाती हैं। गणगौर के इस पर्व पर यह महिलाएं सराफा बाजार हनुमान मंदिर से लवकुश मंदिर पर पहुंची वहां से तुलसी सरोवर में इन प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाया गया। गीत गाए गए और भक्ति भाव और सुख समृद्धि की कामना के साथ यह पर्व मनाया गया।

## सुख-समृद्धि की कामना की

# श्रद्धा और उत्साह के साथ महिलाओं ने की गणगौर माता की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गणगौर पर्व के तहत शनिवार को महिलाओं ने मंदिरों एवं घर-घर श्रद्धा और उत्साह के साथ गणगौर माता की पूजा अर्चना की। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक गणगौर गीत गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

पूजा के समय माता को झाले देकर जल अर्पित किया गया और सुख समृद्धि की कामना की गई। इस दिन महिलाएं व्रत रखती हैं




और सामूहिक पूजा की जाती है। मां गौरी को फूल हल्दी और कुमकुम चढ़ाती हैं पारंपरिक वस्त्रों, आभूषणों, मेहंदी आदि से माता का श्रृंगार किया जाता है, पूजा के बाद आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

## प्रमाण पत्र वितरित कर किया सम्मान

# प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण व सम्मान समारोह कार्यक्रम हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ़

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में नवांकुर संस्था श्री सिद्ध बाबा सौंघना सेवा प्रचार प्रसार समिति शंकरपुर द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण सेक्टर 3 ढाकोनी आदर्श ग्राम नैथाई की ग्राम पंचायत आनंदपुर पंचायत भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं भारत माता के चरणों में दीप प्रज्वलित कर फूलमाला पहनाकर किया।

मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष घूमनसिंह आदिवासी महुअन, पूर्व बीईओ शालिग्राम सोलंकी एवं ब्लॉक समन्वयक द्वारका प्रसाद पाठक की अध्यक्षता में समितियों को ग्राम विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही मध्यप्रदेश जन अभियान के द्वारा जिन कार्यों को किया जाता है उसकी विस्तार से जानकारी दी तथा प्रतिभागियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मान किया गया।





अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के तहत शिक्षा स्वास्थ्य महिला बाल विकास एवं समाजसेवी मातृशक्ति जिन्होंने सेक्टर ढाकोनी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया उनका नवांकुर संस्था द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी देते हुए अपने अपने क्षेत्र में जल गंगा संवर्धन अभियान की ग्रामीणों को जानकारी देकर प्रेरित करें। ग्रीष्म काल में सार्वजनिक स्थलों पर जल प्याऊ संचालित कर जल सेवा करें पक्षियों के लिए सकोरे लगाए और मवेशियों को पीने के लिए पानी की व्यवस्था कर जन सहयोग की सहभागिता से कार्य करे। सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।

प्रशिक्षण में जैविक खेती, पौधारोपण, पोषण वाटिका सहित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान के निर्देशानुसार एवं ब्लॉक समन्वयक ईसागढ़ द्वारका प्रसाद पाठक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मंच संचालन संस्था सचिव दिनेश कुमार सेन द्वारा किया गया। वहीं बीएसडब्ल्यू की छात्रा अंजली बघेल द्वारा स्वागत गीत सरस्वती वंदना का गायन किया। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति शंकरपुर, भररोली, नरसुखेड़ी और नैथाई अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुर्जर, दशरथ सिंह रघुवंशी दिलीप राठौर अनिल कुशवाह,नगर विकास समिति के अध्यक्ष के तौर पर अमित गोस्वामी एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका शिक्षिका एएनएम आशा सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा नवांकुर सस्थान, सखियां उपस्थित रहीं।

# सुख होने पर भी मन नहीं लगता आप सुख की गहराई को पहचान ही नहीं रहें: मुनि श्री अविचल सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य दया भावना गौ चिकित्सालय के प्रेरक मुनि श्री अविचल सागर जी महाराज की अशोकनगर में मंगल अगवानी की गई। अशोकनगर जैन पंचायत ने उनकी भव्यता पूर्वक अगवानी की।



### आदिनाथ से महावीर जन्म जयंती तक चल रहे हैं घर-घर भजन

*इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य मुनिश्री झांसी उत्तर प्रदेश से पद विहार करते हुए ऐसे समय में पधारे हैं जब युग के आदि में अषि मसि कृषि विद्या वाणिज्य का उपदेश देने वाले भगवान आदिनाथ से अंतिम तीर्थंकर महावीर स्वामी के जन्म जयंती का मंगल बात वरण घर घर में गूंज रहा है। हम आने तीस तारीख को भगवान महावीर जन्म जयंती समारोह परम पूज्य के सान्निध्य में मानायेगे इस हेतु श्री फल भेंट कर निवेदन कर रहे हैं जैन समाज के मंत्री शैलेन्द्र श्रागर ने कहा कि अव से गुरु जी के सान्निध्य में प्रातः काल आठ बजे से अभिषेक एवं जगत कल्याण की कामना करते हुए महा शान्ति धारा होगी। इसके वाद परम पूज्य मुनिश्री के मंगल प्रवचन होंगे शाम को जिज्ञासा समाधान का कार्य क्रम होंगे। इस दौरान जैन समाज उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप तारई महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारिल्य आदि रहे मौजूद।*

### आपके यहां हुए वर्षावास की महक फिजाओं में आज घूम रही है:अविचल सागर महाराज

धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए मुनि श्री अविचल सागरजी महाराज ने कहा जब तक हमारे कर्म नहीं बदलेंगे तव तक हम नहीं बदल सकते हैं आपको कोई भगवान नहीं आयेंगे जो बदल दें। हमारे सामने भी तो भगवान आयें नहीं हमारे समानें आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज मुनिश्री सुधासागर जी महाराज हमारे सामने आये उनका सान्निध्य मिला और हमने अपने आप को बदलकर रख लिया। आज जो कुछ भी हम है इनके आशीर्वाद से ही है और आपको आशीर्वाद दे रहे हैं कि आप भी सुखी हो जायें। आपके नगर में मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज का इतना बड़ा चातुर्मास हुआ।

### पाश्र्वनाथ मंदिर से भव्य जुलूस के रूप में हुआ मंगल प्रवेश

श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान में मुनिश्री को भव्य शोभायात्रा के साथ पाश्र्वनाथ मन्दिर से लेकर चले जहां शौभायात्रा में आगे आगे श्री विद्यासागर सर्वोदय पाठशाला के बच्चे धर्म ध्वजा लेकर उनके पीछे युवा मंडल के बच्चों दारा दिव्य घोष का बादन किया जा रहा था उनके पीछे युवा वर्ग जय जय कार के नारे लगाते हुए चल रहे थे। यहां शोभायात्रा पछाडी खेड़ा रोड़ एफो वी पुल गांधी पार्क भगवान महावीर मार्ग आचार्य श्री विद्यासागर दार होते हुए सुभाष गंज पहुंची। रास्ते में स्थान स्थान पर भक्तो ने पादपक्षालन कर आरती उतार कर भव्य आगवानी कर रहे थे यहां शोभायात्रा आदिश्वर धाम सुभाष गंज पहुंच कर धर्म सभा में बदल गई। जहां मुनि श्री के सान्निध्य में जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा की गई। जिसका सौभाग्य जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा परिवार ओम प्रकाश देवेन्द्र कुमार पवन कुमार धुर्रा राजेश कासल सहित अन्य भक्तों को दारा की गई मुनि श्री के पद प्रक्षालन का सौभाग्य जैन समाज के मंत्री चक्रवर्ती राकेश कुमार विवेक कुमार अमरोद को प्राप्त हुआ।

## गणगौर उत्सव का शहर में हुआ भव्य आगाज

# नगर में भगवान शिव-पार्वती की निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अपनी ऐतिहासिक विरासत के लिए प्रसिद्ध चंदेरी नगरी में शनिवार से तीन दिवसीय गणगौर उत्सव का हर्षोल्लास के साथ शुभारंभ हुआ। राजस्थान की मूल संस्कृति से जुड़ा यह पर्व चंदेरी में पिछले 150 से अधिक वर्षों से अपनी एक अलग पहचान और अनूठी परंपरा के साथ मनाया जा रहा है।



### श्रद्धा और आभूषणों का संगम

उत्सव के पहले दिन घरों में मिट्टी से निर्मित भगवान शिव और पार्वती की प्रतिमाओं का बेसन व मैदा के कलात्मक आभूषणों से श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। परंपरा के अनुसार, इन प्रतिमाओं को सोने-चांदी के बहुमूल्य आभूषणों से सजाकर नगर के मुख्य मार्गों से निकाला गया।

### फूटाकुआं से शुरू हुआ भक्ति का सफर

उत्सव की शुरुआत नगर के फूटाकुआं मोहल्ला स्थित भार्गव परिवार के यहाँ से हुई। यहाँ विशेष पूजन के पश्चात शिव-पार्वती के राजसी वेश में सजी प्रतिमाओं को महिलाओं ने अपने सिर पर धारण किया। बाहर से आई नृत्यांगनाओं के मनमोहक नृत्य और भक्तिमय वातावरण के बीच यह चल समारोह शाम 6 बजे माँ जागेश्वरी मेला स्थल पहुँचा। प्रतिमाओं पर लाखों रुपये के कीमती आभूषण होने के कारण पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस बल की कड़ी निगरानी में ही पूरी शोभायात्रा निकाली जा रही है।



### 81वां मां जागेश्वरी देवी मेला आकर्षण का केंद्र

नगरपालिका परिषद चंदेरी के तत्वावधान में आयोजित 81वाँ माँ जागेश्वरी देवी विराट कृषि एवं पशु मेला आज से शुरू होकर 5 अप्रैल तक चलेगा। मेले में सर्कस, झूले, मौत का कुआं और प्रदर्शनी के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों (कवि सम्मेलन, राई, आर्केस्ट्रा, दंगल) की धूम रहेगी। पुरस्कार मेला अधिकारी एवं सीएमओ प्रदीप शर्मा ने बताया कि मेले में सर्वश्रेष्ठ सजावट करने वाले दुकानदारों और उत्तम नस्ल के पशु लाने वाले विक्रेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। शिवपुरी और आसपास के अंचलों से आए हजारों श्रद्धालु और सैलानी रात्रि 10 बजे तक गणगौर उत्सव के इस अलौकिक दृश्य का आनंद ले रहे हैं। चंदेरी की गलियां गणगौर के गीतों और भक्ति के रंग में पूरी तरह सराबोर नजर आ रही हैं।

# जुजित्सु खेल में शिवार्थ धुरेंटे को मुख्यमंत्री ने पंख अवार्ड से सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के जुजित्सु खिलाडी लगातार अपनी पहचान बना रहे हैं और पिछले 6 वर्षों में अनेक खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्पर्धाओं में भाग लेकर सेंकड़ो पदक मध्यप्रदेश सहित अशोकनगर जिले को दिलाये हैं। जुजीत्सु एक जापानी मार्शलआर्ट खेल है जो मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त है। अभी तक अशोकनगर में वुशू खिलाड़ियों ने अनेक उपलब्धियां हांसिल की हैं जिसमें 4 खिलाडी एकलव्य अवार्डी एक खिलाडी विक्रम अवार्डी एवं कोच एक कोच विश्वामित्र अवार्ड से सम्मानित हो चुके हैं।

बंसल ग्रुप के द्वारा प्रदेश के खिलाड़ियों को आर्थिक सहयोग एवं खेलों में उन्हें नई उड़ान देने के उद्देश्य से यह सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है। पंख अवार्ड प्रति वर्ष मध्यप्रदेश के सभी जिलों से एक-एक उत्कृष्ट खिलाडी को मेरिट के आधार पर सम्मानित करता है। बड़ी बात यह है कि अशोकनगर जिले से इस प्रतिष्ठित अवार्ड में पिछले दो वर्षों से वुशू खिलाडी ही चयनित हो रहे हैं प्रथम पंख अवार्ड 2023 में पल्ल्वी चैहान वुशू, दूसरा पंख अवार्ड 2024 में गुंजन शर्मा को वुशू एवं वर्ष 2025 के पंख अवार्ड के लिए शिवार्थ धुरेंटे को जुजीत्सु खेल चयनित किया गया है शिवार्थ वुशू कोच ब्रजेश धुरेंटे के पुत्र हैं जो पिछले 7 वर्षों से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।



शिवार्थ ने अभी तक चार राज्य स्तरीय स्पर्धाओं में 6 पदक एवं तीन राष्ट्रीय स्पर्धाओं में भाग लेकर 3 पदक प्राप्त किये हैं। यह सम्मान समारोह भोपाल के प्रतिष्ठित होटल हयात में मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री विश्वावास सारंग के मुख्य अथित्य में आयोजित किया गया। जहाँ शिवार्थ को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पंख अवार्ड, गोल्ड मैडल, प्रशस्ति पत्र एवं पचास हजार रुपये का चैक देकर सम्मानित किया गया। शिवार्थ को सम्मानित होने पर जिला वुशू संघ के अध्यक्ष दया सिंह संधू, जिला कुराश कुराश संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र रघुवंशी, जिला जुजीत्सु संघ के अध्यक्ष अर्जुन सिंह यादव एवं कोच ब्रजेश धुरेंटे, पूर्व विधायक जजपाल सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, रोटरी क्लब से रौशन कोहली, खेल अधिकारी अरुण रघुवंशी, सीनियर कोच राजदीप सिंह आदि ने बधाई दी।